प्रेस विज्ञप्ति

चंडीगढ़- 15, जनवरी 2018

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला, मीडिया प्रभारी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा निम्नलिखित वक्तव्य जारी किया गया है

गैंगरेप व बलात्कार की लगातार हो रही घटनाओं से प्रदेश हुआ शर्मसार

भाजपा शासन में हरियाणा बना 'क्राइम हब' ! बेटियों की रक्षा करने में असक्षम खट्टर सरकार !

खट्टर सरकार को अब गद्दी छोड़ने का आ गया है समय

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मीडिया प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने प्रदेश में बेटियों के साथ हो रही गैंगरेप व हत्याओं की घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे भाजपा सरकार की नाकामी का ज्वलंत उदाहरण बताया है। उन्होंने कहा कि बेटियों से हर रोज अनाचार, छेड़छाड़, वहशीपन और ब्लात्कार हो रहे हैं, जिससे मानवता शर्मसार हो रही है। लेकिन इसके बावजूद प्रदेश की खट्टर सरकार को कानून व्यवस्था से कोई सरोकार नहीं है। इसलिए इस महिला विरोधी सरकार को बदलने का समय आ गया है ।

श्री सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश में पिछले तीन दिनों में बेटियों से गैंगरेप की चार घटनाएं सामने आई हैं, जिससे प्रदेश की महिलाएं पूर्णत्या असुरक्षित महसूस कर रही हैं । जनता का कानून व्यवस्था से पूरी तरह से विश्वास उठ गया है और भाजपा सरकार सोई पडी है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में एक बच्ची का किडनैप कर उससे चलती गाड़ी में गैंगरेप किया गया। यही नहीं जींद में में एक दलित बेटी के साथ हुए गैंगरेप व हत्या की घटना भी दिल दहलाने वाली है। पानीपत के गांव उरनाला कलां में 11 वर्षीय बच्ची से गैंगरेप के बाद भी उसकी हत्या कर दी गई। चौथी घटना, पिंजौर में एक 10 वर्षीय छात्रा के साथ हैवानियत की है । रविवार को अपने घर के बाहर खेल रही 10 साल की बच्ची भी बलात्कार की शिकार हो गयी । सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जबसे प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, तब से महिला विरुद्ध अपराधों में तेजी आई है। गैंगरेप व स्नेचिंग की घटनाओं में भारी बढ़ोतरी हुई है।

श्री सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के पास ही गृह मंत्रालय भी है। सीएम प्रदेश में कानून व्यवस्था को बनाए रखने में पूरी तरह से नाकाम रहे हैं। अपनी नाकामी छिपाने के लिए वह प्रदेश में बार-बार डीजीपी और अधिकारियों को बदलने में लगे रहे हैं और आए दिन अधिकारियों के तबादले के समाचार छपते रहते हैं। लेकिन स्थितियां जस की तस बनी हुई हैं और जनता अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही।उन्होंने कहा कि यह पहली सरकार है, जिसके कार्यकाल में तीन बार डीजीपी बदले गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के निकम्मेपन का खामियाजा प्रदेश की जनता भुगतने को मजबूर है।

श्री सुरजेवाला ने कहा कि भारत सरकार की ओर से जारी नवीनतम राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट ने प्रदेश सरकार को अपराध को नियंत्रित करने के मामले में पूरी विफलता की पोल खोल दी है । भाजपा शासन के दौरान प्रदेश में जघन्य एवं महिलाओं के प्रति अपराधों में जबरदस्त तेजी आई है और राज्य सरकार की अक्षमता ने हरियाणा को एक अपराध हब के रूप में शर्मनाक ढंग से बदनाम कर दिया है।

हत्या, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार और अपहरण के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता जाहिर करते हुए श्री सुरजेवाला ने कहा राज्य में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है।

सुरजेवाला ने कहा कि राज्य में 2016 में हत्या के 1090, बलात्कार के 1198, सामूहिक बलात्कार के 191 और अपहरण के 4,019 पीड़ित मामले दर्ज हुए, जिसका मतलब है की प्रदेश में हर रोज़ लगभग तीन हत्याएं, तीन बलात्कार और 11 अपहरण की घटनाएं घटी और सबसे अधिक सामुहिक ब्लात्कार के मामलों में हरियाणा प्रदेश पूरे देश में बदनाम हो गया है।

वहीं प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला निकला हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपराधों को रोकने में पूरी तरह से नाकाम रही है। यह सरकार केवल इवेंट मैनेजमेंट सरकार बनकर रह गई है, प्रदेश में कुछ भी घटित हो रहा हो, इसकी ओर सरकार को कोई ध्यान नहीं। केवल इवेंट आर्गेनाइज करके यह सरकार करोड़ों रुपये लगाने में अधिक ध्यान दे रही है।